हरिभूमि
सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 28 सितंबर 2026

06 किसी संत को उसकी वेशभूषा से नहीं परखना चाहिए संत...



08 दशलक्षण महापर्व का समापन, निकली...



खबर संक्षेप

30 सितंबर को होगी जिला स्तरीय प्रतिभा प्रोत्साहन प्रतियोगिता

सीहोर। युवा पीढ़ी को भाषा, साहित्य एवं संस्कृति से जोड़ने के उद्देश्य से मप्र राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, हिन्दी भवन श्यामला हिल्स भोपाल द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित प्रतिभा प्रोत्साहन प्रतियोगिता इस वर्ष 30 सितंबर को आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता का आयोजन पीएम श्री शासकीय एमएलबी कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल, सीहोर के सभागार में होगा। कक्षा 9वीं से 12वीं तक के चयनित विद्यार्थी प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इसमें काव्यपाठ, भाषण, एकल लोकगीत गायन एवं चित्रांकन से शब्दांकन प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। चारों प्रतियोगिताओं में अलग-अलग पुरस्कार दिए जाएंगे। प्रथम पुरस्कार 500 रुपये, द्वितीय 400 रुपये एवं तृतीय पुरस्कार 300 रुपये नगद के साथ प्रमाण-पत्र एवं प्रतीक चिह्न प्रदान किए जाएंगे। म.प्र. राष्ट्रभाषा प्रचार समिति के जिला संयोजक रविन्द्र बांगरे, अध्यक्ष डॉ. दीपक बिसोरिया तथा खंड शिक्षा अधिकारी एवं प्राचार्य श्रीमती रूपश्री नागेश द्वारा विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्यों को पत्र जारी कर अधिकाधिक विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करने का अनुरोध किया गया है।

राज्य स्तरीय बास्केटबॉल स्पर्धा में इंशरा का शानदार प्रदर्शन



सीहोर। इंशरा जुन्जानी ने राज्य स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन शहडोल में किया गया, जिसमें इंशरा ने भोपाल टीम का प्रतिनिधित्व किया। प्रतियोगिता में भोपाल टीम का पहला मुकाबला रीवा से हुआ, जिसमें भोपाल ने जीत दर्ज की। इसके बाद सागर के विरुद्ध खेले गए दूसरे मुकाबले में भी भोपाल टीम विजयी रही। तीसरे मुकाबले में भोपाल का सामना मेजबान शहडोल से हुआ, जिसमें भोपाल ने एकतरफा जीत हासिल कर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबला भोपाल और इंदौर के बीच हुआ। मुकाबला काफी रोमांचक रहा। इंशरा जुन्जानी ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए टीम को मजबूत स्थिति में बनाए रखने का प्रयास किया। हालांकि, अंत में भोपाल टीम को इंदौर के हाथों पराजय का सामना करना पड़ा।

गणेश पूजा में अधिकारियों का साड़ी पहनकर डांस का वीडियो वायरल, वर्धमान प्रबंधन पर उठे सवाल

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी, प्रबंधन के प्रतिनिधि बोलेः इसमें क्या गलत है, मोदी जी के कार्यक्रम भी होते हैं वायरल

बुधनी। स्थानीय वर्धमान फैब्रिक्स में गणेश पूजा के दौरान साड़ी पहनकर डांस करते कुछ अधिकारियों का वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो को लेकर स्थानीय स्तर पर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने आयोजन के तरीके पर सवाल उठाए हैं। सूत्रों के अनुसार यह वीडियो वर्धमान फैब्रिक्स बुधनी का बताया जा रहा है। वीडियो में साड़ी पहनकर डांस करते दिखाई दे रहे लोगों में फैक्ट्री के सीजीएम हर्षमणि त्रिपाठी, फैक्ट्री मैनेजर दीपक राणा सहित प्रबंधन से जुड़े अन्य अधिकारी बताए जा रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कहा कि बुधनी नगर धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं वाला क्षेत्र है, जहां वर्षभर धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन होते रहते हैं। ऐसे में किसी औद्योगिक संस्थान के कार्यक्रम में इस तरह का आयोजन कर उसका वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित किया जाना



स्थानीय संस्कृति और सामाजिक मर्यादाओं को लेकर सवाल खड़े करता है।

कार्यकर्ताओं का कहना है कि किसी भी आयोजन में मनोरंजन किया जाना अलग बात है, लेकिन सार्वजनिक रूप से वायरल होने वाले वीडियो की भाषा, प्रस्तुति और उसके सामाजिक प्रभाव को लेकर आयोजकों को जिम्मेदारी बरतनी चाहिए। इस मामले में यह सवाल भी उठाया जा रहा है कि वर्धमान फैब्रिक्स में बड़ी संख्या में महिलाएं और युवतियां कार्यरत हैं। ऐसे आयोजनों और उनके वीडियो का कर्मचारियों पर किस तरह का प्रभाव पड़ता है। इस पर प्रबंधन को गंभीरता से विचार करना चाहिए, साथ ही यह सवाल भी उठ रहा है कि यदि यह कार्यक्रम कंपनी परिसर में आयोजित किया गया था तो इसका वीडियो सोशल मीडिया तक कैसे पहुंचा और इसे सार्वजनिक करने का उद्देश्य क्या था। धार्मिक संगठन बजरंग दल के प्रमुख राहुल राजपूत ने कहा कि आखिर वर्धमान के अधिकारी वीडियो वायरल करके आम जन को क्या संदेश देना चाहते हैं। वर्धमान में बड़ी संख्या में महिलाएं काम करती हैं उन पर इसका क्या प्रभाव पड़ेगा। मामले को लेकर बजरंग दल जल्द ही विरोध दर्ज कराएगा। यदि कंपनी प्रबंधन ने अपने इस कृत्य के लिए माफी नहीं मांगी तो आंदोलन करेंगे।

मामले को लेकर जब प्रबंधन से जुड़े दिनेश केटी से प्रतिक्रिया ली गई तो उन्होंने आयोजन पर आपत्ति को खारिज करते हुए कहा कि इसमें क्या गलत है। वायरल तो मोदी जी के कार्यक्रम भी होते हैं। कार्यक्रमों में किन्नर भी तो नाचते हैं। प्रबंधन की ओर से दिए गए इस जवाब के बाद मामला और चर्चा में आ गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि किसी भी संस्थान में सांस्कृतिक आयोजन उसकी आंतरिक गतिविधि हो सकती है, लेकिन जब ऐसे आयोजन के वीडियो सोशल मीडिया पर सार्वजनिक होते हैं तो उनसे जुड़े सामाजिक प्रभाव पर भी विचार किया जाना चाहिए।

अब देखना यह होगा कि वायरल वीडियो को लेकर वर्धमान फैब्रिक्स प्रबंधन की ओर से कोई विस्तृत स्पष्टीकरण सामने आता है या नहीं। स्पिनिंग मिल्स मजदूर एकता यूनियन के प्रदेश सचिव कुलदीप राजपूत ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इस कारखाने में हजारों की संख्या में स्थानीय मजदूर, माताएं और बहनें अपनी मेहनत से संस्थान को सींचते हैं। जिन अधिकारियों को अनुशासन, नेतृत्व और नैतिक आचरण की मिसाल पेश करनी चाहिए, वे ही सामाजिक मर्यादाओं की धज्जियां उड़ा रहे हैं। बाहरी क्षेत्रों से आए इन अधिकारियों को स्थानीय संस्कृति, मर्यादा और मजदूर वर्ग की भावनाओं का कोई सम्मान नहीं है।

इछावर विधानसभा क्षेत्र आवागमन आसान और सुगम बनाने पक्की सड़कों का बिछाया जा रहा जाल


83 करोड़ से 107 किमी की 36 सड़कों का किया भूमिपूजन, 41 गांवों का आवागमन होगा आसान

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के आने से पहले ग्रामीण विकाश पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल कार्यक्रम स्थल से चले गए जो चर्चा का विषय बना रहा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर







विधानसभा क्षेत्र में आवागमन आसान और सुगम बनाने के लिए पक्की सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। इसी के चलते क्षेत्र के गांव बोरदी कलां में कार्यक्रम आयोजित कर केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा ने करीब 107 किमी लंबाई की नई 36 सड़कों का भूमिपूजन किया। करीब 83 करोड़ की लागत से बनने वाली इन सड़कों से 41 गांवों की करीब 20 हजार आबादी को सड़क सुविधा का लाभ मिल सकेगा।

रविवार को आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान मुख्य अतिथि एवं राजस्व मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक करणसिंह वर्मा विशेष अतिथि के रूप में मौजूद थे। इस दौरान प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना 4 बैच -1 के तहत विधानसभा क्षेत्र में 36 सड़कों के निर्माण कार्यों का अतिथियों द्वारा भूमिपूजन एवं शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सीहोर विधायक सुदेश राय, आष्टा विधायक गोपाल इंजीनियर, सीहोर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, भाजपा जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, कैलाश सुराना, युवा नेता एवं विधायक प्रतिनिधि विष्णु करण सिंह वर्मा, युवा मोर्चा इछावर नगर अध्यक्ष मनीष विश्कर्मा, भाजपा जिला आईटीसेल प्रभारी अतिराज खींची, युवा समाजसेवी तेजपाल नागर, राकेश वर्मा, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

छूटे गांवों को नर्मदा-पार्वती लिंक परियोजना में शामिल कराने का केंद्रीय मंत्री फिर दिया आश्वासन : क्षेत्र के दौलतपुर, दूदलाई, रूपादा, गादिया, हरसपुर सहित आसपास के करीब दर्जनभर गांव नर्मदा-पार्वती लिंक परियोजना में शामिल नहीं किए गए हैं। इसके चलते इन गांवों के लोगों में गहरा आक्रोश है। छूटे हुए गांवों को योजना में शामिल कराने के लिए ग्रामीणों द्वारा राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित अन्य जनप्रतिनिधि और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों से कई बार गुहार लगा चुके हैं। क्षेत्रवासी ने कृषि मंत्री को ही दो बार से अधिक उक्त मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा इस पर उन्होंने आश्वासन तो दिया लेकिन सर्वे कार्रवाई आरंभ नहीं हो पाई। ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन भी किया लेकिन नतीजा सिफर रहा। रविवार को एक बार मंत्री शिवराज सिंह ने मंच योजना में छूटे गांवों को शामिल कराने का आश्वासन दिया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि नर्मदा मैय्या का पानी आने से जितने गांव छूट गए हैं उनमें भी पानी आ जाए इसके लिए मैं और करणसिंह वर्मा कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि जी राम जी योजना में बहुत पैसा है और यह पैसा केंद्र सरकार दे रही है इसके बाद भी हमारे जिले में मात्र 3 करोड़ ही मिला है। करणसिंह जी आप कर क्या रहे हो और बजट लाओ। अवैध दारू बेचने वालों को चेतावनी देते हुए कहा कि यह धधा छोड़ दो मैं आपको दूसरा अच्छा धंधा दिलाऊंगा। शराब का धंधा बंद नहीं किया तो सख्त परिणाम भुगतना पड़ेगा।

केंद्रीय मंत्री के आने से पहले ही चले गए ग्रामीण विकास पंचायत मंत्री

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के आने से पहले ग्रामीण विकाश पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल कार्यक्रम स्थल से चले गए जो चर्चा का विषय बना रहा। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम को एलईडी पर प्रदेश सरकार मंत्री प्रहलाद पटेल एवं करणसिंह वर्मा सुनते रहे , जबकि जनता की कुर्सी खाली पड़ी थी। इसको लेकर भी कार्यक्रम स्थल पर चर्चा का माहौल गर्माया रहा।

युवाओं ने पांगरा जोड़ पर किया स्वागत

युवा समाजसेवी तेजपाल नागर मित्र मंडली द्वारा विष्णु वर्मा के नेतृत्व में पांगरा जोड़ पर सीहोर प्रस्थान के दौरान कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस मौके पर सरपंच रमेश बारेला, राधेश्याम नागर, सरपंच राधेश्याम वर्मा, सरपंच रमेशचंद्र वर्मा, धनपाल नागर, श्याम ठाकुर, ठाकुर प्रसाद वर्मा, कांता प्रसाद, विनोद वर्मा, लक्ष्मण सिंह, मुकेश वर्मा आदि मौजूद थे।

25 गांवों के 500 से अधिक किसान आंदोलनरत

पार्वती और कुलासी नदी में किसानों का जल सत्याग्रह, थाली बजाकर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सीहोर, शाजापुर और भोपाल जिले के किसानों का सीहोर विद्युत मंडल के खिलाफ आंदोलन लगातार तेज होता जा रहा है। सीहोर और शाजापुर जिले के किसानों ने पार्वती नदी में जल सत्याग्रह कर थाली बजाकर विरोध जताया, वहीं भोपाल जिले के ग्राम टीलाखेड़ी सहित आसपास के किसानों ने शनीवार को कुलासी नदी में उतरकर जल सत्याग्रह किया।

किसान नेता प्रहलाद हाड़ा के अनुसार, ग्राम भैंसा-नागिन में करीब पांच माह पूर्व खेत में काम कर रहे किसान की झूलती 11 केवी विद्युत लाइन की चपेट में आने से मौत हो गई थी। इसके अलावा ग्राम ढाबला में किसान की मौत, बरबेली में किसान के गंभीर रूप से घायल होने तथा ग्राम मोरिया में महिला किसान की विद्युत लाइन की चपेट में आने से मौत का मामला सामने आया है। ग्राम कुलास कला में करंट लगने से गाय की मौत होने की बात भी किसानों ने कही है। किसानों का आरोप है कि झूलती विद्युत लाइनों के कारण लगातार हादसे हो रहे हैं। किसान सीहोर विद्युत मंडल के अधीक्षण यंत्री, कार्यपालन यंत्री एवं श्यामपुर के सहायक यंत्री के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि लाइनमैन स्तर के कर्मचारियों पर कार्रवाई की गई, लेकिन वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ अभी तक कार्रवाई नहीं हुई। किसान एवं समाजसेवी एम.एस. मेवाड़ा के नेतृत्व में करीब 25 गांवों के 500 से अधिक किसान पिछले दो माह से आंदोलन कर रहे हैं। किसानों द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, ऊर्जा मंत्री, प्रभारी मंत्री, राज्यपाल, विद्युत मंडल के एमडी ऋषि गर्ग, कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक सहित संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन दिए जा चुके हैं।

बिजली बिलों में राहत की भी मांग : रविवार को किसान अनीश मियां, पूर्व सरपंच, किसान रफीक, ग्राम धोबीखेड़ी, भगवानसिंह मेवाड़ा, ग्राम बड़वेली तथा टीलाखेड़ी, देवली के पूर्व सरपंच इरफान भाई सहित किसानों ने कहा कि गांवों से खेतों तक विद्युत लाइनें झूल रही हैं, जिससे आए दिन हादसे हो रहे हैं। किसानों ने घरेलू कनेक्शनों पर अधिक बिजली बिल आने की समस्या का निराकरण करने और बिलों में राहत देने की मांग की।

किसानों ने कहा कि समय रहते विद्युत लाइनों को दुरुस्त करने, बिजली बिलों की समस्या का समाधान करने और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं की गई तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। किसानों ने कहा कि वे अलग-अलग गांवों में धरना-प्रदर्शन जारी रखेंगे और जरूरत पडऩे पर भोपाल से दिल्ली तक आंदोलन ले जाकर जंतर-मंतर पर प्रधानमंत्री जी से न्याय की मांग करेंगे।

पानी के केन से भरा ऑटो पलटा, पुलिया की खराब हालत फिर बनी हादसे की वजह लोगों ने जल्द निर्माण पूरा करने मांग की

सीहोर। नगर के जमशेदनगर स्थित छोटे पुल के पास बुधवार को पानी के केन और केम्परों से लदा एक ऑटो अनियंत्रित होकर नाले के किनारे पलट गया। हादसे के बाद ऑटो में रखे पानी के पीले केन नाले और आसपास बिखर गए। राहत की बात रही कि ऑटो चालक और आसपास मौजूद लोग सुरक्षित रहे।

पलटते ही नाले के किनारे बिखर गए केन

हादसे के बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और नाले के किनारे उतरकर बिखरे हुए केन और सामान को बाहर निकालने में जुट गए। ऑटो नाले के किनारे बुरी तरह पलटा हुआ था, जबकि आसपास गंदगी और पानी जमा था। लोगों ने चालक की मदद से एक-एक कर सामान बाहर निकाला।

जर्जर पुलिया के कारण बना रहता है खतरा : स्थानीय लोगों के मुताबिक जमशेदनगर की यह छोटी पुलिया लंबे समय से जर्जर हालत में है। कुछ समय से यहां मरम्मत और जीर्णोद्धार का काम भी चल रहा है। इसी दौरान पुल का एक बड़ा कंक्रीट का हिस्सा गिर गया था। उस समय काम कर रहे मजदूर भी बाल-बाल बचे थे।



संकरे रास्ते से निकलते हैं वाहन : क्षेत्रवासियों का कहना है कि पुल की खराब हालत और संकरे रास्ते के कारण यहां से गुजरने वाले वाहनों को परेशानी होती है। दोपहिया और चार पहिया वाहनों के लिए भी यह रास्ता जोखिम भरा बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने पुल का काम जल्द पूरा कराने और निर्माण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था रखने की मांग की है।

खबर संक्षेप



गणपति महाआरती में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

सीहोर। ग्राम बरखेड़ा हसन में गत रात्रि गणेश उत्सव समिति एवं मानस प्रचार समिति के तत्वावधान में विशाल गणपति महाआरती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिला मंत्री गिरीश कुमार सोलंकी (लालू बना चांदबड़ जागीर) मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने क्षेत्रवासियों के साथ भगवान श्री गणेश की महाआरती कर धर्म लाभ लिया और क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम का आयोजन पूर्व सरपंच देवी लाल जी एवं पूर्व जनपद सदस्य हेमराज लोधी के सौजन्य से किया गया। महाआरती में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी, वरिष्ठजन, युवा एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पूरा आयोजन भक्तिमय वातावरण और गणपति बप्पा के जयकारों से गूंज उठा। इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री गिरीश कुमार सोलंकी लालू बना ने आयोजन समिति एवं समस्त ग्रामवासियों को भव्य धार्मिक आयोजन के लिए साधुवाद देते हुए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में आपसी सद्भाव, एकता और सनातन संस्कृति के प्रति आस्था को मजबूत करते हैं।

आंगनबाड़ी में सेवा संकल्प कार्यक्रम किया आयोजित

सीहोर । डॉ अंबेडकर नगर स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में रविवार को आंगन मिलन सेवा' कार्यक्रम उत्साह और उल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पार्षद लोकेंद्र वर्मा सम्मिलित हुए। पार्षद वर्मा ने महिलाओं को जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। सेवा संकल्प के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस और उनके कार्यकाल के 25 वर्ष पूर्ण होने पर आंगनवाड़ी में सेवा संकल्प कार्यक्रम आयोजित किया गया। बच्चों के प्रति महिलाओं को माता को जागरूक किया गया। मुख्य अतिथि श्री वर्मा ने प्रधानमंत्री के कार्यकाल और उनके जीवन के बारे में विस्तार पूर्वक बताया।

संकल्प पीढ़ी संवाद-अनुभव से भविष्य की ओर कार्यक्रम में आध्यात्मिक चिंतन और संस्कारों पर संवाद किया

किसी संत को उसकी वेशभूषा से नहीं परखना चाहिए संत साधना का दूसरा रूप हैं : संत पं. दुर्गा प्रसाद कटारे

पेंशनर्स एसोसिएशन के सचिव रघुनाथ सिंह वर्मा ने अपनी ओर से संकल्प वृद्धाश्रम परिवार को 11 हजार रुपए की सहयोग राशि प्रदान की। उन्होंने कहा कि वृद्धाश्रम में करीब दो दर्जन से अधिक वृद्धजन निवास कर रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग तथा संकल्प वृद्धाश्रम के तत्वावधान में सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प वृद्धाश्रम में चल रहे सात दिवसीय 'संकल्प पीढ़ी संवाद-अनुभव से भविष्य की ओर कार्यक्रम में शनिवार को आध्यात्मिक चिंतन और संस्कारों पर संवाद हुआ। कार्यक्रम में संत 108 पं. दुर्गा प्रसाद कटारे बाबा ने कहा कि संत ज्ञान का भंडार होते हैं। संत ही साधक के जीवन में प्रकाश और ऊर्जा का संचार करते हैं। भगवान का ज्ञान कराने वाले माता-पिता और गुरु होते हैं। उन्होंने कहा कि मानव का शरीर अमूल्य है, इसे नशे जैसी बुराइयों में नष्ट नहीं करना चाहिए। जो मनुष्य संस्कारों के मार्ग पर चलता है, उस पर भगवान की कृपा बनी रहती है। संस्कार ही व्यक्ति के जीवन को सही दिशा प्रदान करते हैं और उसे समाज एवं परिवार के प्रति अपने दायित्वों का बोध कराते हैं।

संत साधना का दूसरा रूप, वेशभूषा से नहीं परखें : संत पं. दुर्गा प्रसाद कटारे ने कहा कि भगवान शिव का वर्णन शब्दों में करना संभव नहीं है। वे एक ओर भोलेनाथ के रूप में पूजे जाते हैं तो दूसरी ओर महाकाल के स्वरूप में आराध्य हैं। सदाशिव सदैव साधकों के बीच प्रिय रहे हैं। उन्होंने संत की व्याख्या करते हुए कहा कि जो मन की सीमाओं के पार है, वही संत है। संत का अर्थ परम संतुलन है और स्वयं को संतुलित रखना भी अपने आप में एक विशेष तप है। किसी संत को उसकी वेशभूषा से नहीं परखना चाहिए। संत साधना का दूसरा रूप हैं और संत वही है, जिससे मनुष्य को अपने वास्तविक स्वरूप और जीवन का पता चलता है। प्रेम सदैव बुद्धि और तर्क से परे होता है। जीवन में प्रेम, संस्कार और सेवा का भाव व्यक्ति को भीतर से समृद्ध बनाता है।

संस्कारों का अभाव वर्तमान पीढ़ी के लिए चिंता का विषय

कार्यक्रम में पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं नवज्योति संगठन के मुख्य संरक्षक हरीश अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान पीढ़ी में संस्कारों का अभाव आज परिवारों के लिए बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। कई बच्चे अपने माता-पिता की उपेक्षा करते हैं, जबकि परिवार की मजबूती आपसी सम्मान और संस्कारों से बनी रहती है। उन्होंने अपने परिवार का उदाहरण देते हुए कहा कि उनका परिवार वर्षों से संयुक्त रूप से सुख-समृद्धि के साथ जीवन व्यतीत कर रहा है। परिवार में छोटे से लेकर बड़े तक एक-दूसरे का सम्मान करते हैं। यही आपसी सम्मान और एकता पूरे परिवार को मजबूती प्रदान करती है। संकल्प वृद्धाश्रम के संचालक राहुल सिंह के मार्गदर्शन में चल रहे कार्यक्रम के दौरान मंचासीन संत पं. दुर्गा प्रसाद कटारे बाबा, नवज्योति संगठन के मुख्य संरक्षक हरीश अग्रवाल तथा खाती समाज के अध्यक्ष एवं पेंशनर्स एसोसिएशन के सचिव रघुनाथ सिंह वर्मा का पुष्पमाला से स्वागत किया गया। संस्कार मंच के प्रभारी मनोज दीक्षित मामा, आकाश शर्मा, अजय मीना और आयुष गुप्ता सहित अन्य सदस्यों ने अतिथियों का अभिनंदन किया।

वृद्धाश्रम के लिए 11 हजार रुपए का सहयोग: इस अवसर पर पेंशनर्स एसोसिएशन के सचिव रघुनाथ सिंह वर्मा ने अपनी ओर से संकल्प वृद्धाश्रम परिवार को 11 हजार रुपए की सहयोग राशि प्रदान की। उन्होंने कहा कि वृद्धाश्रम में करीब दो दर्जन से अधिक वृद्धजन निवास कर रहे हैं। आज के दौर में बुजुर्गों के लिए इस प्रकार की संस्था द्वारा किया जा रहा कार्य समाज के लिए महत्वपूर्ण है। नर सेवा ही नारायण सेवा है। इसी भावना के साथ बुजुर्गों की सेवा और जरूरतमंदों की सहायता के लिए लगातार कार्य करते रहना चाहिए।

कन्या पूजन के साथ क्रिसेंट गरबा महोत्सव प्रशिक्षण का किया शुभारंभ

आवासीय खेल मैदान पर पहुंची बड़ी संख्या में बालिकाएं

सीहोर। भोपाल नगर स्थित आवासीय खेल मैदान पर शनिवार को अरुणा सुदेश राय प्रतिभा निखार मंच के द्वारा आयोजित क्रिसेंट गरबा महोत्सव प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ विधिवत विधायक सुदेश राय समाजसेविका श्रीमती अरुणा राय के द्वारा माता जगदंबा की प्रतिमा स्थापना शक्ति स्वरूपा कन्या पूजन अर्चना के साथ किया गया। शुभारंभ अवसर पर श्रीमती नमिता राय, श्रीमती रोमनी राय, और श्रीमती डॉली राय सहित बड़ी संख्या में बालिकाए भी उपस्थित रही।

बालिकाओं को संबोधित करते हुए विधायक सुदेश राय ने कहा कि हम सबको माता रानी की



भक्ति करते हुए गरबे का प्रशिक्षण लेना है और शक्ति की भक्ति के साथ अपनी प्रस्तुति देनी है समाजसेवीका अरुणा राय ने कहा कि दो हजार से अधिक बालिकाओं ने रजिस्ट्रेशन करवाया। यहां कार्यक्रम आपका अपना है सभी बालिकाएं हमारी अपनी बालिकाएं हैं सभी को अच्छे से गरबे का प्रशिक्षण लेना है और स्कूटी लैपटॉप मोबाइल सहित अन्य ढेर सारे उपहार जीतना है। आवासीय खेलकूद मैदान पर 13 अक्टूबर से गरबा कार्यक्रम शुरू हो जाएगा जिसका फाइनल राउंड 14 से लेकर 16 अक्टूबर तक आयोजित होगा। कार्यक्रम में राय परिवार ने सभी नागरिकों को सपरिवार आमंत्रित किया है।

कांग्रेस सेवादल ने किया झंडावंदन, संगठन मजबूती पर जिलाध्यक्ष खंगराले ने दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



कांग्रेस सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष अविनाश भार्गव, जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती के निर्दगश पर जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष नरेन्द्र खंगराले जाटव दलित चिंतक द्वारा संगठन के प्रोटोकॉल के अनुसार हर महिने के अंतिम रविवार को सीहोर की विधानसभा इछावर के ग्राम लसुडिया परिहार के सार्वजनिक स्थल डॉ.अम्बेडर पार्क में डॉ.अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए प्रतिमा के समक्ष ध्वज वन्दन (झण्डवन्दन) कार्यक्रम आयोजित सेवादल की परम्परा अनुसार ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष वरिष्ठ कांग्रेस नेता रविन्द्र सिंह परिहार के द्वारा किया गया। उपस्थित सभी कांग्रेसजनों एक स्वर में वन्दे मारतम राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत का गायन किया गया।

ध्वजारोहण के पश्चात कांग्रेस सेवादल के पदाधिकारियों की सार्वजनिक स्थल पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें कांग्रेस सेवादल संगठन को ग्राम व पंचायत स्तर तथा नगर पालिका के वार्ड स्तर, लोकसभा विधानसभा क्षे में मजबूती प्रदान करने पर जोर दिया गया तथा मुख्य एजेण्डा जमीनी स्तर पर भी मजबूत करने और पार्टी की एकजुटता सुनिश्चित करना भी था। इसमें युवाओं को कांग्रेस की विचारधारा से जोडक़र पार्टी को आगे बड़ाने पर बल दिया गया तथा ग्राम लसुडिया परिहार की भी प्रमुख समस्याओं को शासन स्तर पर निराकरण कराने का भी सेवादल कांग्रेस द्वारा प्रस्ताव पास किया गया। कार्यक्रम का संचालन कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष नरेन्द्र खंगराले द्वारा किया गया। अंत में आभार व्यक्त समाजसेवी पंकज पलिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम के समापन पश्चात ग्राम लसुडिया परिहार के वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रदीप त्यागी का शॉल श्रीफल व पुष्पमाला पहना कर सम्मान किया गया एवं ग्राम में रामकथा के आयोजन में सेवादल कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहेगें पर भी प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से म.प्र.महिला कांग्रेस की प्रदेश सचिव आरती नरेन्द्र खंगराले तत्कालीन पार्षद, नर्मदा प्रसाद जोहरे, नन्दकिशोर मालवीय पूर्व सरपंच, राजकुमार जाटव उपसरपंच लसुडिया परिहार, भगवत सिंह सिलावट, दीपक सोनकर, घनश्याम करगईयां, मुकेश सिकनिया, छोटेलाल, पंकज पलिया, सुरेन्द्र कमलेश सिकनिया, मोहन राजोरिया, दिनेश मालवीय, सबत कुमार जाटव, कालुराम जोहरे, सोनु, हीरालाल जाटव, सुदेश धनोरिया, कांग्रेस बीएलओ, फूलसिंह मालवीय, पिंटु भाई, मानसिंह मालवीय, संजु, संतोष जाटव आदि उपस्थित रहे।

अंडर-15 जिला क्रिकेट टीम के लिए 2 अक्टूबर को पंजीयन, 3 अक्टूबर को ट्रायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में आगामी दिनों में आयोजित होने वाली अंतरजिला स्तरीय अंडर-15 क्रिकेट प्रतियोगिता को लेकर जिला क्रिकेट एसोसिएशन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। सीहोर जिले की अंडर-15 टीम के गठन के लिए 2 अक्टूबर को बीएसआई मैदान पर खिलाड़ियों का पंजीयन किया जाएगा। पंजीयन की प्रक्रिया सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगी। इसके बाद 3 अक्टूबर को खिलाड़ियों का ट्रायल आयोजित किया जाएगा। ट्रायल के बाद चयनित खिलाड़ियों के लिए 3 से 5 अक्टूबर तक प्रशिक्षण शिविर एवं अभ्यास मैच आयोजित किए जाएंगे। इन दौरान खिलाड़ियों के प्रदर्शन, खेल कौशल और तकनीकी क्षमता को परखा जाएगा।

इसके उपरांत एमपीसीए एवं बीडीसीए के पर्यवेक्षकों और चयनकर्ताओं द्वारा खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर जिला अंडर-15 टीम का गठन किया जाएगा। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं विधायक सुदेश राय तथा सचिव अतुल तिवारी के मार्गदर्शन में पूरी चयन प्रक्रिया आयोजित की जा रही है। जिले की क्रिकेट प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से एसोसिएशन द्वारा सभी ब्लॉकों के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर दिया जा रहा है।

अटल अस्पताल में महिला स्वास्थ्य शिविर संपन्न, महिलाओं ने लिया लाभ



सीहोर। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान योजना के अंतर्गत अटल अस्पताल, गंगा आश्रम सीहोर में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा परामर्श शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर में बड़ी संख्या में महिलाओं ने पहुंचकर विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. अंशु सुभानी से स्वास्थ्य संबंधी परामर्श लिया और उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं का लाभ उठाया।

शिविर में गर्भावस्था से प्रसव तक की देखभाल, प्रसव संबंधी समस्याएं, अत्यधिक एवं अनियमित माहवारी, गर्भाशय में गांठ, अंडाशय की समस्या सहित विभिन्न स्त्री रोगों को लेकर जांच एवं चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों और आवश्यक उपचार की जानकारी भी दी गई। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, महिलाओं को बेहतर एवं समय पर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आगे भी इस तरह के निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा परामर्श शिविर आयोजित किए जाते रहेंगे। अस्पताल प्रबंधन ने क्षेत्र की महिलाओं से भविष्य में आयोजित होने वाले शिविरों का लाभ उठाने की अपील की है।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर विकासखंड स्तरीय संगोष्ठी संपन्न

एकात्म मानववाद और अंत्योदय के सिद्धांतों पर वक्ताओं ने रखे विचार

सीहोर। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड सीहोर के तत्वावधान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के उपलक्ष्य में विकासखंड स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, चंद्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय, सीहोर में किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुकेश शर्मा, सदस्य प्रांत कार्यकारिणी, प्रज्ञा प्रवाह मध्य भारत, मुख्य वक्ता भारत सोनी, वरिष्ठ समाजसेवी एवं शिक्षाविद तथा अध्यक्षता पारुल उपाध्याय, जिला समन्वयक, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला सीहोर ने की। कार्यक्रम में प्रदीप सिंह सेंगर, विकासखंड समन्वयक, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विशेष रूप से उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि मुकेश शर्मा ने अपने उद्बोधन में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के जीवन एवं राष्ट्र चिंतन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए समाज के लिए कार्य करना आवश्यक है। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन से प्रेरणा लेते हुए राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ कार्य करने तथा समाज के



अंतिम व्यक्ति की चिंता करने का आह्वान किया।

मुख्य वक्ता भारत सोनी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के एकात्म मानववाद एवं अंत्योदय के सिद्धांतों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि समाज से हमें अनेक आवश्यक जानकारियां एवं संसाधन प्राप्त होते हैं, इसलिए हमारा भी दायित्व है कि हम समाज को कुछ देने का प्रयास करें और सामाजिक सरोकारों के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

अध्यक्षीय उद्बोधन में जिला समन्वयक पारुल उपाध्याय ने कहा कि मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद शासन और समुदाय के बीच समन्वय स्थापित करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने सामाजिक सहभागिता एवं जनभागीदारी के महत्व पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम के प्रारंभ में विकासखंड समन्वयक प्रदीप सिंह सेंगर ने अतिथियों एवं उपस्थित प्रतिभागियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का सफल संचालन नवांकुर संस्था प्रतिनिधि अनिल सक्सेना ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन मेंटर धर्मेन्द्र चिरोलिया ने किया।

इस अवसर पर नवांकुर संस्था प्रतिनिधि राकेश शर्मा एवं हिरदेश परमार, मेंटर्स रवि कुमार सोनी, नम्रता बरेठा एवं जितेन्द्र परमार, प्रस्फुटन समिति सदस्य भोलाराम त्यागी, विष्णु यादव एवं मथुरा गिरी, सीएमसीएलडीपी के छात्र-छात्राएं तथा बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

केंद्रीय कृषि मंत्री को दिया लव कुश जयंती चल समारोह का आमंत्रण

कुशवाहा समाज आज शहर में निकलेगा विशाल लव कुश जयंती चल समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



लवकुश जयंती आयोजन समिति कुशवाहा समाज चल समारोह अध्यक्ष बलराम पटेल कुशवाहा के नेतृत्व में रविवार को भोपाल से इछावर जा रहे केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को बिलकिसगंज रोड हाईवे पर समिति के पदाधिकारियो कार्यकर्ताओं और कुशवाहा समाज जनों के द्वारा पुष्प मालाए पहनाकर स्वागत कर सोमवार को शहर में निकाले जाने वाले लव कुश जयंती चल समारोह का आमंत्रण दिया।

अध्यक्ष बलराम पटेल कुशवाहा ने केंद्रीय कृषि मंत्री श्री चौहान को बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी कुशवाहा समाज के द्वारा भगवान लव कुश जयंती आयोजन चल समारोह निकाल कर मनाया जा रहा है। विशाल चल समारोह डीजे बैंड बाजे ढोल धमाकों के साथ भोपाल नाका स्थित हनुमान मंदिर से भगवान की विधिवत पूजा अर्चना के उपरांत शुरू किया जाएगा। चल समारोह में सीहोर शहर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों के कुशवाहा समाजजन हजारों की संख्या में सम्मिलित रहेंगे।

इंग्लिश पुरा रोड कोतवाली चौराहा पांच चौराहा निशा टॉकीज चौराहा से तहसील चौराहा होते हुए भगवान लव कुश शकर फैक्ट्री चौराहा से श्री सुंदर गार्डन पहुंचेगा यहां पर चल समारोह का समापन किया जाएगा। सुंदर गार्डन में विभिन्न धार्मिक सामाजिक सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। वरिष्ठ समाजजनों और समाज के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जाएगा। सामाजिक उत्थान को लेकर वरिष्ठ समाज जनों के द्वारा अपने विचार व्यक्त किए जाएंगे। भगवान लव कुश जन्मोत्सव चल समारोह आयोजन समिति के पदाधिकारी जगदीश कुशवाहा, संतोष कुशवाहा,सानंद कुशवाहा,अर्जुन कुशवाहा, लक्ष्मी नारायण कुशवाहा, रामचंद्र कुशवाहा मदन कुशवाहा लकी कुशवाहा रामभरोस कुशवाहा राजकुमार कुशवाहा लखन कुशवाहा मनोहर कुशवाहा दिनेश कुशवाहा शुभम कुशवाहा कमलेश कुशवाहा, सौरव कुशवाहा छोटू कुशवाहा आशीष कुशवाहा, रोहित कुशवाहा नीरज कुशवाहा मोनू कुशवाहा आदि समाज जनों ने शहर के समस्त नागरिकों जनप्रतिनिधियों समाजसेवियों गणमान्य नागरिकों समाज जनों से अधिक से अधिक संख्या में चल समारोह में सम्मिलित होने की अपील की है।

मिलावट और लापरवाही के अंदेशा का बड़ा खुलासा

श्री राधा गोल्ड आटा पैकेट में रेंगती मिली इल्लियां, एक्सपायरी डेट में भी फर्जीवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

इंसान की सेहत के साथ खिलवाड़ और ग्राहकों को चूना लगाने का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। श्री राधा गोल्ड चक्की फ्रेश आटा अभिषेक ट्रेडर्स के पैकेट से रेंगते हुए जिंदा कीड़े और इल्लियां निकलने से हड़कंप मच गया।एक्सपायरी डेट में भी फर्जीवाड़ा कर लोगों की जान से सरेआम खिलवाड़ करने का मामला सामने आया है। निर्माण एंजेसी द्वारा दो पैसो के लालच में आकर लोगों को शुद्ध की बोलकर जहर परोसा जा रहा है।



थाली में परोसी जा रही थी बीमारी

मामला मलावर स्थित श्री श्यामबाबा किराना स्टोर का है। जहा गुरुवार को अशोक वर्मा ने उक्त दुकान से 10 किलोग्राम का श्री राधा गोल्ड आटे का पैकेट खरीदा था। शुक्रवार सुबह जब घर में बच्चों के टिफिन और खाने के लिए पैकेट खोला गया तो ऊपर ही जिंदा इल्लियां बिलबिलाती नजर आईं। हद तो तब हो गई जब आटे को चलनी से छाना गया अंदर से एक के बाद एक जिंदा इल्लियां निकलती चली गईं।इसी तरह आज सुबह ही राहुल वर्मा ने भी उसी दुकान से 10 किलो का आटा पैकेट खरीदा जिसके अंदर भी जिंदा कीड़े और इल्लियां रेंगती पाई गईं। गनीमत रही कि परिजनों की नजर समय रहते पड़ गई वरना मासूम बच्चों और परिवार की सेहत के साथ बड़ा हादसा हो सकता था।

आटा के पैकेट पर एक्सपायरी डेट में भी भारी फर्जीवाड़ा

लापरवाही सिर्फ कीड़ों तक सीमित नहीं है आटा के पैकेट पर जब एक्सपायरी डेट देखी गई तो होश उड़ गए। पैकेट पर किसी मशीन की मुहर के बजाय हाथ से और पेन से एक्सपायरी डेट 24.08.2026 लिखी हुई पाई गई। यह साफ तौर पर दर्शाता है कि बिना किसी मानक जांच और नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए पुराना या खराब आटा खुलेआम बाजार में खपाया जा रहा है। ग्राहकों में भारी आक्रोश पीड़ित ग्राहकों ने इस पूरी धांधली और पैकेट से निकलती जिंदा इल्लियों का वीडियो बना लिया।अशोक वर्मा और राहुल वर्मा ने इस घटिया और जानलेवा आटे की बिक्री पर सख्त नाराजगी जताई है।

प्रशासन की चुप्पी पर सवाल

कंपनी और दुकानदार चंद पैसों के मुनाफे के लिए जनता की जान जोखिम में डाल रहे हैं।खाद्य सुरक्षा विभाग से तुरंत इस मामले का संज्ञान लेने श्री श्याम बाबा किराना स्टोर के स्टॉक की जांच करने और अभिषेक ट्रेडर्स श्री राधा गोल्ड के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।अब देखना यह होगा कि इस खुलेआम जारी जहर-बिक्री पर प्रशासन चाबुक चलाता है या मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है।

इनका कहना है

ग्राहक से बोल दीजिए कि दुकान से जाकर दूसरा पैकेट ले लेंगे काफी दिन पुराना हो गया होगा या ठंडा मौसम भी है इसलिए इल्लियां पड़ गई होगी। हमारे पेड की स्याही खत्म हो गई है इसलिए पेन से एक्सपायरी डेट लिख रहे।

अभिषेक साहू,
प्रोपा. अभिषेक ट्रेडर्स आटा मिल ब्यावरा।

हमने 8 दिन पहले ही श्री राधा गोल्ड चक्की फ्रेश आटा अभिषेक ट्रेडर्स के मिल ब्यावरा से आटा के पैकेट मंगवाए थे एक्सपायरी डेट भी वही से लिखी आती है।

श्री श्याम किराना स्टोर मलावर।

आपसे जानकारी प्राप्त हुई है उक्त मिल की जांच कर ठोस कार्यवाही की जाएगी।

एस.एस. खत्री, खाद्य अधिकारी राजगढ़

हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई

11 केवी बिजली लाइन से टकराई मिक्सर लिफ्ट मशीन, करंट से दो मजदूरों की मौत, पांच घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर





समपीस्थ ग्राम पंचायत पीलूखेड़ी में पंचायत भवन वाले रोड पर चल रहे आरसीसी रोड निर्माण कार्य के दौरान शनिवार दोपहर करीब 2.45 बजे बड़ा हादसा हो गया। निर्माण कार्य में लगी मिक्सर लिफ्ट मशीन के 11 केवी बिजली लाइन से टकराने के बाद करंट फैल गया, जिसकी चपेट में आने से दो मजदूरों की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य घायल हो गए। घायलों में दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत द्वारा पंचायत भवन वाले रोड पर सीसी रोड का निर्माण कराया जा रहा था। इसी दौरान निर्माण कार्य में उपयोग की जा रही मिक्सर लिफ्ट मशीन ऊपर से गुजर रही 11 केवी बिजली लाइन से संपर्क में आ गई। मशीन के बिजली लाइन से टकराते ही आसपास काम कर रहे मजदूर करंट की चपेट में आ गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

ठेकेदार के खुद चपेट आने से मौत

हादसे में अपनी देख रेख में काम करवा रहे ठेकेदार सलमान पिता इब्राहिम निवासी साहूखेड़ी और शहजाद निवासी पीपलखेड़ा करंट की चपेट में आने से मौत हो गई है। वहीं घायलों में अरमान, दानिश, उस्मान और जमील निवासी मेंगलदीप तथा इकबाल निवासी साहूखेड़ी शामिल बताए जा रहे हैं। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां शहजाद और सलमान को गंभीर हालत में बताया गया था।

सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचा प्रशासनिक अमला

घटना की सूचना मिलते ही नरसिंहगढ एसडीओपी रामस्नेह चैहान , जितेन्द्र सिंह मवई कुरावर थाना पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। तहसीलदार सुनीता सिंह सहित अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर हादसे की जानकारी ली। पुलिस ने घटना के संबंध में आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।हादसे के बाद निर्माण स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था और 11 केवी बिजली लाइन के आसपास किए जा रहे कार्य को लेकर भी जांच की जा रही है। प्रशासन द्वारा घटना के कारणों एवं निर्माण कार्य के दौरान अपनाई जा रही सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी जुटाई जा रही है। घटना के बाद पीलूखेड़ी सहित आसपास के क्षेत्र में शोक का माहौल है।

रंजिश को लेकर धारदार हथियार से हमला, सरपंच सहित चार घायल



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

समीपस्थ ग्राम पंचायत पड़ाना में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। इस घटना में ग्राम पंचायत पड़ाना सरपंच गोकुल प्रसाद दुगरिया सहित चार लोगों के घायल होने की बात सामने आई है।

पुलिस में दर्ज शिकायत के अनुसार 25 सितंबर की रात करीब 9.50 बजे फरियादी पक्ष के लोग खेत की ओर से लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में पुरानी रंजिश को लेकर विवाद हो गया। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि गोकुल प्रसाद दुगरिया सहित अन्य लोगों पर आरोपियों ने विवाद के दौरान धारदार हथियार से हमला कर दिया। घटना में गोविंद सेन, अनिल सेन पिता कालूराम सेन सहित चार लोगों के घायल होने पर उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस विवाद के कारणों, घटना में शामिल लोगों और हमले में इस्तेमाल किए गए हथियार सहित अन्य पहलुओं की जांच कर रही है। मामले में दोनों पक्षों के बीच पुरानी रंजिश की बात भी सामने आई है।

मप्र जनअभियान परिषद ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर संगोष्ठी की आयोजित

एकात्म मानव दर्शन के जनक थे पंडित दीनदयाल उपाध्याय: श्यामदास बैरागी



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतामऊ/मंदसौर

मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद विकास खण्ड सीतामऊ द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में वरिष्ठ अधिवक्ता श्यामदास बैरागी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय एकात्म मानव दर्शन के जनक थे। उन्होंने पूंजीवाद और साम्यवाद दोनों की विसंगतियों पर कार्य किया और कहा कि सरकार को मनुष्य के चारों पुरुषार्थ - शरीर, बुद्धि, मन और आत्मा के विकास के लिए कार्य करना चाहिए।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य भी थे। इस अवसर पर फ़क़ीरचंद्र मालवीय ने कहा कि माता-पिता के असमय निधन के बाद भी उनका जीवन उज्ज्वल रहा। वे सदैव शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में विश्वास रखते थे। मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक नारायणसिंह निनामा ने भी कार्यक्रम के उद्देश्य एवं पंडित दीनदयाल जी के जीवन के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल जी के चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया गया। कार्यक्रम का संचालन परामर्शदाता हरिओम गंधर्व ने किया। अतिथियों का स्वागत नवांकुर संस्था के दिलीप भटनागर, कैलाश गुर्जर,टीना सोनी, परामर्शदाता हेमंत गौड, चरण द्वारा किया गया। अंत में आभार कवि रजनीश शर्मा द्वारा माना गया। इस अवसर पर असाइनमेंट जमा करने वाले विद्यार्थी आरती सेमलिया एवं देवांश मालवीय नाटाराम का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद की नवांकुर संस्था, प्रस्फुटन समिति एवं मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के समस्त विद्यार्थी उपस्थित रहे।



स्कोर्पियो से चार क्विंटल अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा जब्त किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ नाहरगढ /मंदसौर

नशा मुक्ति अभियान के तहत एसपी विनोद मीणा द्वारा दिए गए निर्देशों के तारतम्य में थाना प्रभारी नाहरगढ़ निरीक्षक वरुण तिवारी व उनकी टीम द्वारा तस्करों से 4 क्विंटल डोडाचूरा मय 1 स्कोर्पियो वाहन के जब्त किया।

जानकारी के अनुसार थाना नाहरगढ़ पर पदस्थ कार्यवाहक सउनि सीताराम शर्मा को मुखबिर से सूचना मिली कि लाईनिंग वाली सफेद शर्ट एवं गहरे नीले रंग की जींस पहन रखी है जो महिन्द्रा स्कार्पियो काले रंग की है जिसमे अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा भरकर कचनारा तरफ से राजस्थान तरफ जाने वाले हैं यदि शीघ्र ही कचनारा विशनिया रोड के बीच नाकाबन्दी की जाए तो तस्कर को अवैध डोडाचुरा सहित पकड़ा जा सकता है। मुखबिर सूचना विश्वसनीय होने से तत्काल टीम गठीत कर ग्राम फतेहगढ़ हनुमान मंदीर के पास नाकाबंदी की गई तभी थोड़ी देर बाद कचनारा तरफ से एक स्कोर्पियो आई जिसे रोककर पकड़ा। स्कोर्पियो वाहन चेक करते 4 क्विंटल डोडाचुरा मिला अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा जप्त कर एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों का पालन करते हुए आरोपी के विरुद्ध थाना नाहरगढ पर अपराध क्रमांक 402/26 धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

न्यायालयीन आदेश के पालन की मांग को लेकर पशु चिकित्सकों ने सौंपा ज्ञापन



सारंगपुर। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा पशु चिकित्सकों के हित में दिए गए महत्वपूर्ण निर्णय के पालन की मांग को लेकर शनिवार को पशुपालन विभाग के पशु चिकित्सकों ने एकजुट होकर राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार डॉ. गौतम टेटवाल को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में मेडिकल एवं डेंटल अधिकारियों की तरह वेटरनरी अधिकारियों को भी समान वेतनमान एवं अन्य लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही 5, 10, 15 एवं 30 वर्ष की सेवा पूर्ण होने पर देय समयमान वेतनमान का लाभ भी अन्य चिकित्सा संवर्ग के समान पशु चिकित्सकों को दिए जाने की मांग रखी गई। पशु चिकित्सकों के प्रतिनिधि के रूप में डॉ. अमित शाक्या (पशु चिकित्सा अधिकारी, सारंगपुर), डॉ. विनोद यादव (पशु चिकित्सा अधिकारी, राजगढ़) एवं डॉ. रामवरण (पशु चिकित्सा अधिकारी, खुजनेर) ने ज्ञापन सौंपा।पशु चिकित्सकों ने मांग की कि न्यायालयीन आदेश का शीघ्र पालन कर लंबे समय से लंबित वेतन विसंगति का निराकरण किया जाए।

खेलो इंडिया लघु केंद्र जूडो में चयन, राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सम्मिलित होंगे जिले के 11 खिलाड़ी



राजगढ़। खेलो इंडिया लघु केंद्र जूडो के तहत जिले के 11 प्रतिभावान खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय शालेय जूडो प्रतियोगिता-2026 के लिए हुआ है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 5 से 8 अक्टूबर तक जबलपुर में किया जाएगा। प्रतियोगिता में राजगढ़ जिले के खिलाड़ी जूडो खेल में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता में सम्मिलित होने जा रहे बच्चों में साक्षी गुप्ता, मैना सौंधिया, भाविका गौर, सुमित प्रजापति, रविंद्र प्रजापति, ज्योतिराज प्रजापति, हरिओम प्रजापति, कुश वजार, मनीष जाटव, पुष्पेंद्र भदौरिया एवं धिशांत प्रजापति शामिल हैं। खिलाड़ियों के चयन से खेलो इंडिया लघु केंद्र जूडो राजगढ़-ब्यावरा में उत्साह का माहौल है। खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता के लिए नियमित अभ्यास एवं प्रशिक्षण के माध्यम से अपनी तैयारियां पूरी की हैं। जिला स्तर पर खेल प्रेमियों एवं नागरिकों ने खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

मेरे सपनों का भारत थीम पर बच्चों ने कैनवास पर उकेरी मन की कल्पना



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शनिवार को मेरे सपनो का भारत विषय पर जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन उत्कृष्ट विद्यालय राजगढ़ में आयोजित किया गया। इस अवसर पर विकासखंड स्तर से चयनित चित्रकला का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर लगभग 100 से भी अधिक प्रतिभागितयों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर विषय से संबंधित थीम पर अपनी कल्पनाओं को कैनवास पर उकेरा। प्रतियोगिता में कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जीरापुर की रितु कुशवाह ने प्रथम, एमएस अकादमी जीरापुर के अतुल राव ने द्वितीय एवं मानस स्कूल ब्यावरा की गिरिजा सौंधिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में मुख्य अथिति के रूप में सांसद रोडमल नागर, भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष केपी पंवार, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि फूलसिंह तंवर, मण्डल अध्यक्ष सचिन मौर्य, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष दिलबर यादव, गजराज सिंह चौहान, शैलेश गुप्ता, मनोज हाडा, मोहन गुप्ता सहित अन्य उपस्थित रहे। जिला शिक्षाधिकारी सावन पाटीदार ने कार्यक्रम के संबंध में अपने उद्धगार व्यक्त किए। संचालन मुकेश पिपलोटिया ने किया एवं आभार बीआरसी दीपक चौधरी ने माना।

बैंक ऑफ बड़ौदा गांधी चौराहा पर जुटेंगे अधिकारी व कर्मचारी

आज से 3 दिवसीय राष्ट्रव्यापी बैंक हड़ताल



मंदसौर। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर मंदसौर जिले के समस्त सरकारी व सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के अधिकारी और कर्मचारी 28 से 30 सितंबर तक 3 दिवसीय हड़ताल पर रहेंगे। हड़ताल के पहले दिन सोमवार को सुबह 10:30 बजे से जिले भर के बैंक कर्मी गांधी चौराहा स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के समक्ष एकत्रित होकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस, मंदसौर के पदाधिकारियों ने बताया कि बैंक कर्मचारियों और अधिकारियों की लंबित मांगों तथा सरकार की बैंक कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ यह विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। प्रदर्शन के दौरान बैंककर्मियों द्वारा अपनी मांगों के समर्थन में जमकर नारेबाजी की जाएगी।

3 दिनों का विशेष ड्रेस कोड और वाहन रैली:

आंदोलन को प्रभावी और अनुशासित बनाने के लिए 3 दिवसीय प्रदर्शन हेतु विशेष ड्रेस कोड तय किया गया है:

28 सितंबर (सोमवार): कर्मचारी लाल वस्त्र पहनकर आक्रोश व्यक्त करेंगे।

29 सितंबर (मंगलवार): विरोध स्वरूप सभी साथी काले वस्त्रों में उपस्थित रहेंगे। इस दिन प्रातः 10:30 बजे गांधी चौराहा से शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए वाहन रैली निकाली जाएगी।

30 सितंबर (बुधवार): शांतिपूर्ण प्रदर्शन के प्रतीक के रूप में सफेद वस्त्र पहने जाएंगे, जिसके माध्यम से शासन को अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी दी जाएगी।

नदी से निकाला 1 ट्रॉली प्लास्टिक कचरा, विधायक ने भी किया श्रमदान

शिवना शुद्धिकरण के 143वें दिन भी शिवना में उतरे श्रमदानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

शिवना नदी को स्वच्छ बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे शिवना शुद्धिकरण अभियान के 143वें दिन निरंतर विधायक विपिन जैन के नेतृत्व में नदी किनारे श्रमदान का क्रम जारी रहा। सुबह से ही श्रमदानी नदी किनारे पहुंचने लगे और सभी ने मिलकर श्रमदान शुरू किया। बीते दिन अनंत चतुर्दशी के अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा गणेश प्रतिमाओं का नदी में विसर्जन किया गया था।

विसर्जन के बाद कुछ गणेश प्रतिमाएं पानी के बहाव के साथ वापस नदी किनारे आ गई थीं। श्रमदानियों ने इन प्रतिमाओं को नदी किनारे से सम्मानपूर्वक उठाकर सुरक्षित स्थान पर रखा। इन्हें उचित स्थान पर पुनः जल में विसर्जित किया जाएगा। श्रमदान के दौरान नदी में फैली प्लास्टिक, पूजन सामग्री एवं अन्य कचरे को भी बाहर निकाला गया। नदी के आस पास उग आई गाजर घांस और घाट क्षेत्र में बिखरे प्लास्टिक कचरे को एकत्रित कर सफाई की गई। अभियान के 143वें दिन भारतीय डाक विभाग, मंदसौर के कर्मचारियों ने भी श्रमदान में सहभागिता करते हुए शिवना नदी की सफाई में अपना सहयोग दिया। विधायक जैन ने सभी नगर वासियों से अनुरोध किया कि प्रातः 7 से 9 बजे के बीच श्रमदान करने जरूर आए। श्रमदान करने वालों में इस अवसर विधायक विपिन जैन, समाजसेवियों में रमेश सोनी, हेमराज खाबिया, भंवरलाल प्रजापत, राकेश जेन पिन्टू, शांतिलाल मेमावत, बालकृष्ण दवे, भारतीय डाक विभाग मंदसौर से ज्योति चपड़ोत, अखिलेश ओझा, सेवंती ओझा, राजेंद्र नागर, विजेंद्र मीणा, भीम सिंह झाला, राकेश कटारा, विजय मांडोत, प्रिया गहलोत, बालकृष्ण पोरवाल, गोविंद जोशी, ललित जोशी, चंचल डोडिया,जगदीश नागर, छत्रपाल सिंह राणावत, रामचंद्र धामन, पवन धाकड़, चंद पाशा, महिला नेत्रियों में रफत पयामी, इष्टा भाचावत, राखी सत्रावाला, अनीता भदोरिया, गीताली पोरवाल, कांग्रेसजन में सादिक गोरी, राजनारायण लाड़, विकास दशोरा, शैलेंद्र बघेरवाल, भूपेंद्र सिंह राठौर, संजय नाहर, रईस खान पटवारी, रमेश ब्रिजवानी, विश्वास दुबे, अजय सोनी, जयेश पालीवाल, कैलाश कुमावत, राजेश चौधरी, राकेश सेन, अकरम खान, आमीन खान, राहुल तिवारी, संजय बारोट, गणपत राठौर अंसार मेव, ऋषिराज लाड़ आदि ने श्रमदान में सहभागिता की।



खबर संक्षेप

वार्ड नंबर 8 में चलाया संकल्प अभियान, किया पौधरोपण



आष्टा। वार्ड 8 महारानी लक्ष्मीबाई वार्ड में सेवा संकल्प अभियान आंगन मिलन सेवा आंगनबाड़ी केंद्र 13 कंप्यूटर कॉलोनी में मनाया गया। पोषण अभियान सही पोषण देश रोशन का नारा दिया गया। जनप्रतिनिधि पार्षद दिनेश पप्पी, पूर्णिमा कुशवाहा, सदस्य जितेंद्र सिकरवार, सीताराम कुशवाहा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता किरण पालीवाल, मंजू त्यागी, सहाईका प्रेमलता कुशवाह, रानी मालवीय और बाडे की उपस्थित महिलाएं व बच्चे शामिल हुए। मिठाई फल का वितरण किया गया। वृक्षारोपण पार्षद और आंगनबाड़ी केंद्र मैडम किरण पालीवाल, मंजू त्यागी, सहाईका प्रेमलता रानी, मालवी द्वारा लगाया गया। बाल स्वास्थ्य की जांच आदि एवं बच्चों को सही पोषण और स्वच्छता के अभियान गतिविधि और प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री जी के पत्र का वाचन लाभार्थियों से संवाद किया गया। छात्रवृत्ति ,लखपति दीदी सु, सहायता समूह आदि योजना के बारे में वीडियो द्वारा संदेश दिया गया।

प्रदेश पदाधिकारियों की मौजूदगी में हुई साहू समाज की बैठक

बैठक में सामाजिक एकता, संगठन मजबूती पर जोर, समाज के मुद्दों पर किया मंथन

आयोजित हुई बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य एवं सीहोर जिले के साहू समाज के पदाधिकारी मौजूद रहे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ दोराहा/अहमदपुर



अहमदपुर में रविवार को अहमदपुर स्थित मां कर्मा धर्मशाला में क्षेत्रीय साहू समाज की सामाजिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में साहू समाज के राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर के पदाधिकारियों सहित सीहोर, भोपाल एवं आसपास के क्षेत्रों से समाज के प्रतिनिधि शामिल हुए।

बैठक में प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष किशोर कुमार साहू, प्रदेश महामंत्री बाबूलाल साहू सहित प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य एवं सीहोर जिले के साहू समाज के पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान समाज की एकजुटता, संगठन को मजबूत करने तथा सामाजिक गतिविधियों को गति देने को लेकर चर्चा की। बैठक में समाज के युवाओं की भागीदारी बढ़ाने और सामाजिक स्तर पर आपसी समन्वय मजबूत करने पर भी जोर दिया। पदाधिकारियों ने समाज के लोगों से संगठित होकर सामाजिक विकास में भूमिका निभाने का आह्वान किया।

27 को भोपाल में होगा परिचय सम्मेलन

बैठक में आगामी 27 दिसंबर को भोपाल में आयोजित होने वाले तेली साहू समाज के युवक-युवती परिचय सम्मेलन को लेकर भी चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने बताया कि सम्मेलन में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से समाजबंधु शामिल होंगे सम्मेलन का उद्देश्य युवक-युवतियों को परिचय का अवसर उपलब्ध कराने के साथ समाज के बीच आपसी संपर्क और सामाजिक समन्वय को बढ़ावा देना है। बैठक के अंत में समाज की एकता, संगठन की मजबूती और सामाजिक विकास के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में साहू समाज के लोग मौजूद रहे।



जहर खाने से ग्रामीण युवक की संदिग्ध मौत

पुलिस की जांच पड़ी सुस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



पार्वती थाना अंतर्गत ग्राम छापरी के 30 वर्षीय युवक ने बीती 19 सितंबर की रात को जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली थी! ऐसे में एक हफ्ते बाद भी युवक की मौत के बाद से पसरा सन्नाटा कई गंभीर सवालों को जन्म दे रहा है। और अब एक हफ्ते बाद भी युवक की मौत के कारणों के खुलासे में पार्वती पुलिस और परिवार के सदस्यों की चुप्पी गंभीर सवालों को जन्म दे रही है। जानकारी अनुसार मृतक युवक पार्वती थाना अंतर्गत आष्टा के ग्राम छापरी का रहने वाला है मृतक का नाम विश्राम पिता मेहरबान सिंह मेवाड़ा उम्र 30 वर्ष बताई गई है वही युवक विवाहित था और आष्टा मे कपडे की दुकान पर काम करता था। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मृतक विश्राम ने 19 सितम्बर को जहरीला पदार्थ खा लिया था, जिसके बाद परिजन विश्राम को गंभीर अवस्था मे आष्टा के एक निजी अस्पताल मे उपचार के ले गए थे। इसके बाद वह से सिविल अस्पताल ले गए जहाँ डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया वही पुलिस ने 20 सितंबर को मर्ग कायम कर मृतक का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया। ऐसे में अब मृतक का जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवन लीला को समाप्त करने का कारण कई गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। दूसरी और पार्वती पुलिस और मृतक युवक के परिजनों की एक हफ्ते बाद भी चुप्पी युवक की मौत को और संदिग्ध बनाती है। हमारे प्रतिनिधि ने जब इस मामले पर पार्वती थाना प्रभारी हरिसिंह परमार से बात की तो उन्होंने बताया की अब तक मृतक के परिजनों के बयान नहीं हुए है। नाही मृतक का मोबाइल जब्ती किया गया है। ऐसे में पुलिस पर सवाल खड़ा होता है की मृतक के परिजनों के एक हफ्ते बाद भी बयान क्यों नहीं लिए गए है। और एक सप्ताह बीतने के बाद भी युवक का मोबाइल क्यों जब्त नहीं किया गया है। हमारे सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार युवक आष्टा में बुधवारा रोड की किसी दुकान पर काम करता था और दो दिनों से मृतक किसी ऐसे मामले में फसा हुआ था जिसके चलते ही युवक को जहर खाकर अपनी जीवनलीला समाप्त करने जैसा कदम उठाना पड़ा। लिहाजा युवक की हुई संदिग्ध मौत के तारों को आष्टा से भी जोड़कर देखा जा रहा है। यदि पुलिस इस मामले में बारीकी पूर्वक पड़ताल करेंगी, मृतक की मौत के कुछ घंटे पहले उसके मोबाइल की लोकेशन, कॉल डिटेल, डाटा की बारीकी पड़ताल करेंगी तो युवक के जहर खाने के कारणों का खुलासा होने में ज्यादा समय नहीं लगेगा।

श्री राम मंदिर में चल रही भागवत कथा के समापन पर श्रद्धालुओं ने भागवत पुराण का किया पूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

परंपरा अनुसार स्थानीय श्रीराम मंदिर में भागवत कथा के समापन पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इससे पूर्व उपस्थित श्रद्धालुओं ने भागवत महापुराण का पूजन किया। श्री राम मंदिर समिति के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ठाकुर सचिव जयनारायण राठौर एवं कोषाध्यक्ष राजेंद्र सिंह सेंधव,राजू भावसार, धीरजसिंह, भवानी शंकर वर्मा ने व्यासपीठ संत ब्रह्म देवाचार्य जी छत्तीसगढ़ पीठाधीश्वर का शाल श्रीफल वस्त्र भेंट कर सम्मान किया। इस अवसर पर पुजारी मोहन दास बैरागी का भी वस्त्र भेंट कर सम्मान किया । भागवत पुराण सिर पर धारण करने की श्री राम मंदिर की बोली राहुल किशन लाल राठौर की सबसे अधिक रही वहीं कृष्ण मंदिर की पुराण की बोली सर्वाधिक सोबाल सिंह बच्ची सेठ की रही और उन्होंने भागवत महापुराण को अपने मस्तक पर शोभायात्रा में धारण किया। जगह-जगह शोभा यात्रा का श्रद्धालुओं ने स्वागत किया। कथा के अंतिम दिवस पर कथा वाचक ब्रह्म देवाचार्य जी ने जरासंध वध की कथा सुनाई तथा शिशुपाल के सौ अपराधों को श्री कृष्ण जी द्वारा दिए गए सौ अपराध क्षमा करने के वचन को पूरा होने पर एकवें अपराध पर दंड देकर उसका वध किया। भगवान श्री कृष्ण जी ने अपने बचपन के मित्र सुदामा का सत्कार कर पूजन किया एवं भाभी सुशीला के द्वारा दिए गए दो मुट्ठी चावल खाकर दो लोगों का राज्य प्रदान कर सच्ची मित्रता निभाई और सच्चे मित्र का उदाहरण प्रस्तुत किया। राजा परीक्षित ने भागवत कथा श्रवण कर तक्षक नाग के काटने के बाद भी मोक्ष प्राप्त किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

सरस्वती शिशु मंदिर कुरावर में नमामि भारतम कार्यक्रम आयोजित किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

नमामि भारतम कार्यक्रम विद्या भारती मध्य भारत प्रांत ग्राम भारती शिक्षा समिति जिला सीहोर द्वारा संचालित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कुरावर में वंदे मातरम गीत गायन का सामूहिक आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम संयोजक एवं मुख्य वक्ता के रूप में मुकेश वर्मा पूर्व प्रधानाचार्य सेवदा जिला सीहोर एवं विशेष अतिथि के रूप में मुकेश वर्मा संयोजक सरस्वती शिशु मंदिर कुरावर, सत्यमसिंह ठाकुर आचार्य,जयसिंह कौशल, विनोद जावरिया,सोनु एवं दीदी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम विद्यालय के प्राचार्य धीरजसिंह ठाकुर द्वारा वंदे मातरम गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम की प्रस्तावना एवं भूमिका रखी। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के द्वारा भारत की गौरवशाली परंपरा का प्रतीक वंदे मातरम गीत बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित यह गीत आनंदमठ से कैसे धीरे-धीरे समूचे भारत का मान बिंदु बन गया। कार्यक्रम का संचालन धीरजसिंह ठाकुर प्रधानाचार्य सरस्वती शिशु मंदिर कुरावर द्वारा किया गया एवं आभार प्रकट भी प्रधानाचार्य द्वारा किया गया शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।ऊक्त जानकारी मीडिया प्रभारी धीरजसिंह ठाकुर ने दी।

पर्युषण पर्व के समापन पर निकला जुलूस, हिंदू उत्सव समिति ने किया सम्मान



आष्टा। जैन समाज के पावन पर्युषण पर्व के समापन के अवसर पर नगर में भव्य जुलूस निकाला गया। जुलूस का हिंदू उत्सव समिति द्वारा श्रीराम मंदिर के समीप भव्य एवं आत्मीय स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम में हिंदू सनातन समाज के बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष नारायण सिंह मुकाती 'भूरू' के नेतृत्व में समिति के सदस्यों एवं सनातन समाजजनों ने जैन समाज के जुलूस का पुष्पवर्षा एवं आत्मीय भाव से स्वागत किया। इस दौरान जैन समाज के अध्यक्ष आनंद जैन का दुपट्टा पहनाकर एवं शाल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर गोपाल ताम्रकार, गोविंद सोनी, राजू जसवाल, प्रदीप राठौर मोदी, विकास नागौरी, ओमप्रकाश साहू सहित हिंदू उत्सव समिति के सदस्य एवं सनातन समाजजन उपस्थित रहे। हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष नारायण सिंह मुकाती 'भूरू' ने कहा कि आष्टा नगर की पहचान आपसी प्रेम, भाईचारे और धार्मिक सद्भाव की रही है।

विद्यार्थियों ने किया पांच दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



देहली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, आष्टा के 46 विद्यार्थियों का पाँच दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण आज उत्साह, उमंग, जिज्ञासा और रोमांच के साथ प्रारंभ हुआ। विद्यार्थियों का दल मुंबई, महाबलेश्वर एवं इमैजिका थीम पार्क के भ्रमण के लिए रवाना हुआ। वाइस प्रिंसिपल अजय शर्मा के नेतृत्व में दल आष्टा से बस द्वारा भोपाल पहुंचा, जहां से आगे की यात्रा रेलगाड़ी द्वारा प्रारंभ की गई।इस शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान से आगे बढ़कर प्रत्यक्ष अनुभवों के माध्यम से सीखने का अवसर प्रदान करना है। पुणे का नगरीय जीवन, महाबलेश्वर की प्राकृतिक एवं भौगोलिक विशेषताओं तथा इमैजिका थीम पार्क के अनुभव विद्यार्थियों के लिए सीखने और मनोरंजन का विशेष अवसर प्रदान करेंगे।विद्यालय का मानना है कि कक्षा के बाहर प्राप्त अनुभव सीखने को अधिक प्रभावी एवं स्थायी बनाते हैं। इस यात्रा के माध्यम से विद्यार्थी ऐतिहासिक, भौगोलिक एवं सांस्कृतिक पहलुओं को प्रत्यक्ष रूप से समझने के साथ अपने ज्ञान और आत्मविश्वास को भी समृद्ध करेंगे।यात्रा के प्रारंभ होते ही विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। नई जगहों को देखने और कुछ नया सीखने की जिज्ञासा के साथ विद्यार्थियों ने यात्रा का आनंद लेना शुरू किया। उन्हें यात्रा के दौरान अनुशासन, सुरक्षा, समयबद्धता एवं आपसी सहयोग का पालन करने तथा प्रत्येक अनुभव से सीखने के लिए प्रेरित किया गया। निदेशक पायल अली ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शैक्षणिक यात्राएं विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तकों से बाहर निकलकर विभिन्न स्थानों, संस्कृतियों और प्राकृतिक परिवेश को प्रत्यक्ष रूप से समझने का अवसर प्रदान करती हैं। विद्यालय के निदेशक ध्रुव कुमार तिवारी, सैयद परवेज़ अली, बहादुर सिंह सेंधव, ज्ञानसिंह ठाकुर, पायल अली, डॉ. संगीता सिन्हा एवं सैयद आदिल अली ने विद्यार्थियों व शिक्षकगण को शैक्षणिक भ्रमण के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने विद्यार्थियों को सुरक्षित एवं अनुशासित रहकर यात्रा का भरपूर आनंद लेने तथा प्रत्येक नए अनुभव से कुछ नया सीखने का संदेश दिया।देहली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, आष्टा का यह शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए 'देखो, समझो, अनुभव करो और सीखो' की भावना के साथ ज्ञान, अनुभव और रोमांच से भरी एक यादगार यात्रा बनने जा रहा है।

दशलक्षण महापर्व का समापन, निकली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



दिगंबर जैन समाज के परम पावन दसलक्षण महापर्व के निष्ठापूर्वक समापन एवं उत्तम क्षमा धर्म के अवसर पर नगर में श्री दिगंबर जैन समाज द्वारा एक भव्य चल समारोह धूमधाम से निकाला गया। धर्म और भक्ति के उल्लास से सराबोर यह शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए सुभाष चौक पहुंची, जहा नपाध्यक्ष हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा के नेतृत्व मे चल समारोह मे आकर्षक रथ पर विराजित भगवान महावीर स्वामी के दर्शन किए और मुनिश्री का आशीर्वाद प्राप्त किया।

साथ ही चल समारोह मे शामिल समाज अध्यक्ष आनंद पोरवाल, वरिष्ठ पत्रकार नरेन्द्र गंगवाल, पवन जैन, कैलाश जैन चित्रलोक, नरेन्द्र जैन उमंग, सुनील जैन प्रगति, सुनील सेठी, मुकेश बड़जात्या, पार्षद कमलेश जैन सहित समाज के अन्य वरिष्ठजनों, महिला मण्डल, युवा-युवती मण्डल के सभी सदस्यों का दुपट्टा डालकर स्वागत किया एवं उत्तम क्षमा मांगी।

इस अवसर पर नपाध्यक्ष हेमकुंवर मेवाड़ा, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल चौरसिया, व्यापार महासंघ अध्यक्ष रुपेश राठौर, भाजपा महिला मौर्चा जिलाध्यक्ष ऋतु जैन, पार्षद तारा कटारिया, रवि शर्मा, सुभाष नामदेव, नगर महामंत्री मोहित सोनी, एल्डरमेन अवनीश पिपलोदिया, शिवलाल प्रजापति, पवन वर्मा, गौरीशंकर राठौर, दीनानाथ परमार सहित अन्य लोग बड़ी संख्या में मौजूद थे।

केंद्रीय और क्षेत्रीय समिति की बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया निर्णय

राय सिंह मेवाड़ा बने मेवाड़ा समाज के निर्विरोध अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



केंद्रीय एवं क्षेत्रीय समिति की अति-आवश्यक बैठक सेमनरी रोड़ स्थित मेवाड़ा समाज की छात्रावास मे संपन्न हुई, जिसमें समाज के प्रबुद्ध जनों, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि व पूर्व मंडी डायरेक्टर रायसिंह मेवाड़ा को सर्वसम्मति से समाज का नया अध्यक्ष चुना गया। बैठक में मौजूद सभी सदस्यों ने एक स्वर में उनके नाम का प्रस्ताव रखा, जिस पर बिना किसी विरोध के निर्विरोध मुहर लगा दी गई।बैठक के प्रारम्भ मे समाज के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा महाराणा प्रताप जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण किया। पश्चात समिति की बैठक में समाज के संगठन विस्तार, सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने, शिक्षा के प्रसार और युवाओं को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने जैसे कई महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। अध्यक्ष पद के चयन प्रक्रिया के दौरान सभी क्षेत्रीय समितियों के प्रतिनिधियों ने रायसिंह मेवाड़ा के सामाजिक समर्पण और लंबे अनुभव को देखते हुए उनके नाम का समर्थन किया, जिसके बाद उन्हें निर्विरोध अध्यक्ष घोषित किया गया। निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने के बाद रायसिंह मेवाड़ा का फूल-मालाओं और साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। समाज को संबोधित करते हुए नवनिर्वाचित अध्यक्ष रायसिंह मेवाड़ा ने कहा कि समाज के वरिष्ठजनों ने मुझ पर जो अटूट विश्वास जताया है और यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है, मैं उसके लिए आप सभी का हृदय से आभारी हूँ। मेरा सर्वोपरि लक्ष्य समाज में एकजुटता, समरसता और विकास को बढ़ावा देना रहेगा। हम सब मिलकर शिक्षा के स्तर को ऊँचा उठाने, गरीब व मेधावी छात्र-छात्राओं की सहायता करने और सामाजिक कार्यक्रमों को व्यवस्थित रूप से आयोजित करने का कार्य करेंगे। समाज का हर व्यक्ति मेरा परिवार है, और उनके हितों की रक्षा तथा समाज के मान-सम्मान को बढ़ाना ही मेरी पहली प्राथमिकता होगी। इस अवसर पर केंद्रीय समिति अध्यक्ष केदारसिंह मंडलोई, केंद्रीय महासचिव एवं पूर्व जनपद अध्यक्ष शुजालपुर जसवंतसिंह मेवाड़ा, कोषाध्यक्ष कमलसिंह मंडलोई, महामंत्री केदारसिंह मेवाड़ा, उपाध्यक्ष हरिसिंह मेवाड़ा, हरिसिंह मंडलोई, नाहरसिंह बघेल, केंद्रीय युवा परिषद अध्यक्ष राजेंद्रसिंह मंडलोई, पूर्व नप अध्यक्ष अकोदिया शिवप्रतापसिंह मंडलोई, कालापीपल छात्रावास अध्यक्ष कमलसिंह पटवारी, उपाध्यक्ष नारायणसिंह पटेल, क्षेत्र समिति के पूर्व अध्यक्ष जीवनसिंह मंडलोई, दशरथसिंह राजपूत, जनपद उपाध्यक्ष गजराजसिंह पटेल, देवजी पटेल, भगवानसिंह, मेहरबानसिंह ठेकेदार, बाबूलाल सरपंच, बाबूलाल सियाखेड़ी, हरिसिंह मेवाड़ा, देवजी पटेल, जसरतसिंह राजपूत, अनारसिंह सरपंच, कमलसिंह पटवारी, देवबगस मेवाड़ा, श्रीमाल मेवाड़ा पत्रकार, अजबसिंह राजपूत, मेहरबानसिंह मेवाडा, शिवचरण मेवाड़ा, जगदीश मेवाड़ा, भूरु पटेल, अरविंद जाताखेड़ा, शैलेंद्र मेवाड़ा, भंवरजी सरपंच, कमल मेवाडा, गोकुल मेवाड़ा, शैलेंद्र मेवाड़ा सहित बड़ी संख्या मे समाज के विभिन्न संगठन पधाकारियों ने स्वागत कर नवीन दायित्व सौपे जाने की बधाई शुभकामनाएं दी।

104 साल से भी अधिक समय से चल रही भागवत कथा



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

कलयुग में संसार के सारे बंधनों से मुक्त होने का मार्ग है तो वहां सिर्फ भक्ति मार्ग है कलयुग में अगर मोक्ष प्राप्त करना है तो सभी को सत्कर्म धार्मिक आयोजन भागवत कथा का श्रवण करना चाहिए।

श्रीमद् भागवत कथा ही सभी को जन्म जन्म के बंधन से तार देती है। उक्त वचन परम पूज्य गुरुदेव शुभम जी दुबे के श्रीमुख द्वारा ग्राम मेहतवाड़ा में प्रत्येक वर्ष अनुसार इस वर्ष भी चल रही श्रीमद् भागवत कथा में कही गई। यहां कथा श्री राम मंदिर में 104 वर्षों से भी पूर्व से चलती आ रही है जिसका नगर में चल समारोह निकालकर समापन किया गया।

कथा में श्री राम मंदिर समिति अध्यक्ष फतेह सिंह, गंगाराम, फूल सिंह ,राय सिंह ,सज्जन सिंह ,प्रेम सिंह, अके सिंह, मांगीलाल, सतीश दुबे ,मुकेश कुमार, मोहन कुमार, अके सिंह, शक्ति सिंह पटेल, विजेंद्र सिंह एवं गांव के सभी वरिष्ठ जन माताएं बहने एवं युवा साथी सम्मिलित हुए।